## Regarding alleged substandard pipelines under Jal Jeevan Mission Projects

श्री अवधेश प्रसाद **(**फैज़ाबाद**) :** मान्यवर, ?जल जीवन मिशन? सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है । इसके अंतर्गत पूरे देश में स्वच्छ जल पिलाने की योजना है ।

मान्यवर, मेरा संसदीय क्षेत्र जनपद अयोध्या है, जहां से आप भी जाते हैं । बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि पूरे जिले में जितनी भी सड़कें थीं, वे सब खोद दी गई हैं ।

चाहे पीडब्ल्यूडी द्वारा बनायी गई सड़कें हों, चाहे विधायक निधि द्वारा बनाई गई सड़कें हों, चाहे सांसद की विकास निधि द्वारा बनायी गई सड़कें हों, सारी सड़कें खोद दी गई हैं । सड़कें खोदकर नाली बनायी गई है । जो उस नाली में पाइप डाला गया है, वह बहुत ही घटिया है । यह आलम है कि इस योजना पर करोड़ों नहीं, अरबों रुपये खर्च किए गए हैं । आज मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि किसी भी गाँव के किसी भी घर में एक बूँद पानी नहीं है और कहीं-कहीं अगर थोड़ा-बहुत पानी है भी तो अगर बाल्टी नल के नीचे रख दें तो 10 घंटे में भी वह बाल्टी नहीं भरेगी । यह सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है, लेकिन इस महत्वाकांक्षी योजना के जरिए पूरी तरह से लूटपाट की गई है, भ्रष्टाचार किया गया है ।

महोदय, मैं माँग करता हूँ कि यह पूरे देश का मामला है, यह किसी पार्टी से संबंधित नहीं है, सत्ता पक्ष के माननीय सदस्य के यहाँ भी समस्या है और दिल्ली में भी समस्या है । मैं माँग करता हूँ कि इसकी जाँच की जाए और जो भी दोषी हों, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए । साथ ही साथ इस देश में पेयजल की जो समस्या है, यह गर्मी का मौसम है, पेयजल योजना के लिए इंडिया मार्क 2 हैंडपंप ही सफल होगा, उसको किया जाए । इस योजना में जो भी खामियाँ हैं, जो भी इसके लिए दोषी हैं, इसकी जाँच कराकर उनको दंडित करने का काम किया जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** श्री बलराम नायक जी ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आपके संज्ञान के लिए बता दूँ कि आप ?दिशा? की बैठक में, जिस भी कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी है, उसकी जिम्मेदारी है कि खोदने के बाद इंटरलॉकिंग सड़क बनायेगा । आप अपनी ?दिशा? की बैठक में इस संबंध में बात करें । ठीक है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री बलराम नायक जी ।

आप ?दिशा? के चेयरमैन हैं, कलेक्टर आपका सेक्रेटरी है । श्री बलराम नायक जी ।

श्री भर्तृहरि महताब जी ।

? (व्यवधान)